हिन्दी प्रादेशिक समाचार

आकाशवाणी चंडीगढ़

(तिथि 20 मार्च 2025, समय 1305 (5 मिनट)

सरकार ने पशुधन क्षेत्र में वृद्धि को प्रोत्साहन देने के लिए संशोधित राष्ट्रीय गोकुल मिशन को स्वीकृति दी है। नई दिल्ली में कल मंत्रिमंडल की बैठक के बाद सूचना और प्रसारण मंत्री अश्विनी वैष्णव ने बताया कि इस मिशन का कार्यान्वयन एक हजार करोड़ रुपये के अतिरिक्त परिव्यय के साथ किया जा रहा है। श्री वैष्णव ने कहा कि योजना से दुग्ध उत्पादन और उत्पादकता को काफी प्रोत्साहन मिलेगा साथ ही किसानों की आय में वृद्धि होगी।

इसमें बेसिकली कैसे हम मिल्क प्रोडक्शन की प्रोडक्टिविटी बढ़ाएं उसके ऊपर काम किया गया है। इसमें आर्टिफिशियल इनसेमिनेशन और इन विट्रो फर्टिलाइजेशन, इनसेमिनेशन के पूरे इंफ्रास्ट्रक्चर को कैसे बढ़ाना उसपर बहुत बड़ा जोर दिया जाएगा, जिससे कि किसानों को अपने गांव में ही या गांव के आसपास ही जितनी हो सके सुविधाएं मिल सके।

मंत्रिमंडल ने डेयरी विकास के लिए संशोधित राष्ट्रीय कार्यक्रम को भी स्वीकृति दी है। इसके अलावा सरकार ने कम मूल्य के भीम-यूपीआई लेनदेन को बढ़ावा देने के लिए एक प्रोत्साहन योजना को स्वीकृति दी है। सूचना और प्रसारण मंत्री अश्विनी वैष्णव ने कहा कि इस योजना में छोटे व्यापारियों को दो हजार रुपये तक के लेनदेन के लिए प्रति लेनदेन पर शून्य दशमलव एक-पांच प्रतिशत की दर से प्रोत्साहन प्रदान किया जाएगा।

****

हरियाणा विधान सभा के अध्यक्ष हरविन्द्र कल्याण ने सामाजिक सुधारों में विधायिका की सहभागिता बढ़ाने के लिए दो नई समितियों के गठन की घोषणा की है। इसके लिए जल्द संसदीय कार्य मंत्री की ओर से प्रस्ताव लाया जाएगा।हमारे संवाददाता ने बताया हाइकी कल प्रश्नकाल के बाद विधानसभा अध्यक्ष ने सदन में यह सुझाव रखा।उन्होंने कहा कि विधायिका सदन और समितियों के माध्यम से कार्य करती है। सदन के पास समय कम होता हैं, इसलिए विधानमंडल वर्ष भर अपने अधिकतर कार्य अपनी समितियों के माध्यम से करते हैं।विधानसभा अध्यक्ष ने कहा कि नशा युवाओं पर दुष्प्रभाव डाल रहा है। इसलिए इस समस्या के निदान के

लिए विधान सभा की समिति बनाए जाने की जरूरत हैं। इसके साथ ही उन्होंने 'प्रदूषण तथा पर्यावरण सम्बन्धी समिति' का भी सुझाव दिया।

विधानसभा अध्यक्ष द्वारा सदन से की गई इस अपील के बाद संसदीय कार्य मंत्री महिपाल ढांडा ने दो नई समितियों को बनाने के लिए सरकार की ओर से एक प्रस्ताव लाने का आश्वासन दिया।

****

हरियाणा के मुख्यमंत्री श्री नायब सिंह सैनी ने घोषणा की कि आने वाले 6 महीने में हरियाणा प्रदेश की सभी सड़कों का नवीनीकरण किया जाएगा।मुख्यमंत्री ने यह घोषणा कल हरियाणा विधानसभा में चल रहे बजट सत्र के दौरान विपक्ष द्वारा सड़कों की मरम्मत को लेकर पूछे गए एक प्रश्न के उत्तर में की।मुख्यमंत्री ने कहा कि आगामी 6 महीने में प्रदेश में एक भी सड़क टूटी हुई नहीं मिलेगी। प्रदेश सरकार द्वारा सभी सड़कों का नवीनीकरण कर आमजन को सुविधा देते हुए विकास को गति देने का कार्य किया जाएगा।

****

हरियाणा के खेल राज्य मंत्री गौरव गौतम ने कहा कि पुंडरी विधानसभा क्षेत्र के राजीव गांधी खेल स्टेडियम की मरम्मत और रखरखाव हेतु 13 लाख ,75 हजार 356 रुपये की राशि जारी की गई है । इस स्टेडियम में 400 मीटर का एथलेटिक्स ट्रैक, बास्केटबॉल, वॉलीबॉल, फुटबॉल मैदान और एक बैडमिंटन हॉल उपलब्ध है। इस स्टेडियम की देखभाल के लिए एक प्रभारी और एक मैदानकर्मी को भी तैनात किया गया है। आगामी समय में स्टेडियम में उपलब्ध सभी खेल सुविधाओं की मरम्मत रखरखाव का काम शुरू कर दिया जाएगा। खेल मंत्री श्री गौरव गौतम हरियाणा विधानसभा में पुंडरी के विधायक सतपाल जाम्बा द्वारा पूछे गए प्रश्न का जवाब दे रहे थे।

****

सेना भर्ती कार्यालय चरखी दादरी के भर्ती निर्देशक कर्नल के. संदीप ने बताया कि अग्निपथ योजना के तहत ऑनलाईन आवेदन प्रक्रिया 10 अप्रैल तक चलेगी। जिला भिवानी के युवाओं के लिए भर्ती कार्यालय ने पंजीकरण व अन्य जानकारी के लिए सहायता डेस्क बनाए गए हैं। उन्होंने बताया कि यह सहायता डेस्क उपायुक्त कार्यालय व भिवानी के भीम स्टेडियम में स्थापित किए गए हैं।कर्नल के.संदीप ने बताया कि भर्ती हेतु उम्मीदवार के लिए अपना नाम वेबसाईट w w w. JoinArmy.nic.in पर पंजीकरण करवाना अनिवार्य है।